आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-133 -● कटनी ● मंगलवार, 15 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## गलवान झड़प के एक साल

## संसदीय समिति के सामने 18 जून को पेश होंगे ट्विटर अधिकारी

**नई दिल्ली।** संसद की सूचना और तकनीकी की स्थायी संसदीय समिति ने माइक्रोब्लॉगिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के अधिकारियों को 18 जून को पेश होने को कहा है। नए आईटी कानूनों को लेकर केंद्र के साथ चल रहे टकराव के बीच ट्विटर के अधिकारियों को पेश होने के लिए कहा गया है। इसके अलावा संसदीय समिति ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों को भी अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया है।

## एमपी में आज नई गाइडलाइन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक जून से अनलाक की प्रक्रिया जारी है, इस दौरान सभी शहरों और जिलों में व्यावसायिक गतिविधियों को धीरे-धीरे शुरू किया गया है। संक्रमण दर कम होने के बाद सबसे आखिरी में 12 जून को इंदौर शहर को अनलाक किया गया। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि 15 जून के बाद विवाह समारोह में 20 की जगह 40 लोग शामिल हो सकेंगे। शादी समारोह में शामिल होने वालों को अपना कोरोना टेस्ट करवाना होगा। अभी नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा, ताकि लोगों को यह ध्यान रहे कि खतरा अभी टला नहीं है। इसके पहले सीएम ने 31 मई को अनलाक की प्रक्रिया शुरू करने से पहले कहा था कि 15 जून तक कोरोना कर्फ्यू रहेगा, ऐसे में आज इसको लेकर दिशा-निर्देश जारी हो सकते हैं।

# 50 फीसदी ऑफिस, शेष घर से करेंगे काम

## केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए नई गाइड लाइन जारी, बैठकें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए होंगी

**नई दिल्ली।** कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने सोमवार को अंडर सेक्रेटरी और उससे ऊपर के स्तर के सभी अधिकारियों को 16 जून से 30 जून तक सभी कार्य दिवसों पर कार्यालयों में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। दिव्यांग व्यक्ति और गर्भवती महिला कर्मचारी घर से काम करना जारी रखेंगे। अंडर सेक्रेटरी से नीचे के स्तर के 50 प्रतिशत सरकारी अधिकारी सभी कार्य दिवसों पर कार्यालय में उपस्थित होंगे और शेष घर से काम करेंगे। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को जारी आदेश में यह बात कही गई है। कोरोना के मामलों और पॉजिटिविटी रेट में रेट में भारी गिरावट आने के बाद कार्मिक मंत्रालय ने सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर यह दिशानिर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अंडर सेक्रेटरी और उससे ऊपर के स्तर के सभी सरकारी कर्मचारी सभी कार्य दिवसों पर कार्यालय में उपस्थित रहें। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कोरोना संबंधी नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। आदेश में कहा गया है कि बार-बार हाथ धोना/सेनिटाइजेशन, मास्क पहनना, हर समय शारीरिक दूरी का पालन करना होगा। इस संबंध में जरा भी ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा। कार्यालयों में भीड़भाड़ से बचने के लिए अधिकारी/कर्मचारी अलग-अलग समय यहां आएंगे - सुबह 9 से शाम 5.30 बजे तक, सुबह 9.30 से शाम 6 बजे तक, और सुबह 10 से शाम 6.30 बजे तक। बैठक, जहां तक संभव हो वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित होगी। ये निर्देश 16 जून से 30 जून तक लागू रहेंगे। आदेश में कहा गया है कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस फिलहाल नहीं लगेगा और अगले आदेश तक रजिस्टर का इस्तेमाल होगा।

### दिव्यांग, तथा महिलाओं को छूट

आदेश में यह भी कहा गया है कि दिव्यांग व्यक्तियों और गर्भवती महिला कर्मचारियों को कार्यालय में आने से छूट जारी रहेगी, लेकिन उन्हें अगले आदेश तक घर से काम करना होगा। कंटेनमेंट जोन में रहने वाले सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को तब तक कार्यालयों में आने से छूट दी जाएगी जब तक कि वो इलाका कंटेनमेंट जोन से बाहर नहीं नहीं आ जाता। वे अधिकारी/कर्मचारी जो कार्यालय नहीं आ रहे हैं वे घर से काम करेंगे और वे हर समय संपर्क के लिए टेलीफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों पर उपलब्ध रहेंगे

## फटाफट खबरें



### दुकानदार पर दागीं पांच गोलियां, सीसीटीवी में दिखे बदमाश

**कोटा।** राजस्थान के कोटा जिले में दिनदहाड़े गोली चलाने का मामला सामने आया है। कोटा के गुमानपुरा इलाके में छह हथियारबंद युवकों ने एक दुकानदार पर दिनदहाड़े गोली चलाई। इस खौफनाक घटना का मंजर सीसीटीवी में कैद हो गया है, जो खूब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे बाइकों पर सवार होकर छह लड़के दिनदहाड़े पिस्तौल की मदद से फायरिंग कर रहे हैं और बाद में आराम से बैठकर निकल जाते हैं। बता दें कि एक बाइक पर तीन युवक सवार थे। इन लड़कों ने फल और सब्जी बाजार के एक दुकानदार को निशाना बनाकर फायरिंग की, हालांकि दुकानदार को किसी तरह की कोई चोट नहीं आई।।

### शिवराज कल पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने जाएंगे दिल्ली

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने दिल्ली जाएंगे। सीएम शिवराज प्रधानमंत्री को मध्य प्रदेश में कोरोना महामारी को रोकने के लिए अब तक किए गए उपायों की जानकारी देंगे। इसी के साथ तीसली लहर से निपटने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों को लेकर भी चर्चा होगी। इसी के साथ मध्य प्रदेश में टीकाकरण को लेकर भी सीएम प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा करेंगे।।

### कांग्रेस का मकसद हिंदुओं की आस्था के साथ छेड़छाड़- नरोत्तम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हिंदुओं की आस्था के केंद्रों पर राहुल गांधी, दिग्विजय सिंह ही नहीं, पूरी कांग्रेस विवाद खड़े करती रही है। दिग्विजय सिंह आज राममंदिर पर सवाल कर रहे हैं। पहले उन्होंने कश्मीर पर आपत्तिजनक बयान दिया था। कांग्रेस का मूल मकसद सिर्फ हिंदुओं की धार्मिक आस्था के साथ छेड़छाड़ करना है। मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण का ग्राफ तेजी से नीचे आ रहा है। पिछले 24 घंटे में 528 मरीज स्वस्थ हुए हैं। नए केस 224 हैं, संक्रमण दर अब 0.31प्रश जबकि रिकवरी दर 98.प्रश है।

## ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों में फिर बढ़ रहा संक्रमण

# भारत में कम हुआ डेल्टा वेरिएंट का खतरा, लेकिन विदेश में बढ़ा

## दूसरी लहर के लिए जिम्मेदार इस वेरियंट से फिर बढ़ रही दुनिया में चिंता

**नई दिल्ली।**

भारत में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के लिए कोरोना वायरस के डेल्टा वेरिएंट को जिम्मेदार माना जा रहा है। भारत में डेल्टा वेरिएंट का असर भले ही फिलहाल थम गया हो लेकिन ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों में अब डेल्टा वेरिएंट में मामले लगातार बढ़ रहे है। ब्रिटेन सहित कई देशों में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आने के बाद लॉकडाउन की सख्तियां बढ़ा दी गई है। ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने 19 जुलाई तक लॉकडाउन बढ़ा दिया है।

### बीते 24 घंटे में कम हुआ कोरोना

देश में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर लगातार धीमी पड़ती जा रही है। बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 60471 मामले सामने आए हैं। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो बीते 75 दिनों में इतने कम कोरोना संक्रमण के एक दिन में निकले हैं। हालांकि बीते 24 घंटे के दौरान 2726 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत भी हुई स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में 60,471 नए मामले आए हैं और 2,726 लोगों की मौत हुई है। ताजा मामलों के बाद अब तक देश में कुल 2,95,70,881 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। वहीं मरने वालों का आंकड़ा 3,77,031 हो गया है। पिछले 24 घंटों में 1,17,525 लोगों को कोरोना से ठीक होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। देश में फिलहाल 9,13,378 सक्रिय मामले हैं।



### सात जून तक 6 केस आए सामने

ब्रिटेन की स्वास्थ्य संस्था पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड (पीएचई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक डेल्टा वैरिएंट के 63 जीनोम नए च417ह म्यूटेशन के साथ सामने आए हैं। पीएचई को डेल्टा वैरिएंट में बदलावों की रुटीन जांच के दौरान डेल्टा प्लस का पता चला। कोविड वैरिएंट्स पर आई इस हालिया रिपोर्ट के मुताबित, भारत में सात जून तक कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस वैरिएंट के 6 केस सामने आ चुके थे।

### भारत में कम है वैरिएंट की फ्रीक्वेंसी

दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटिग्रेटिव बायोलॉजी के डॉ. विनोद स्केरिया ने बताया है कि च417ह म्यूटेशन को लेकर अहम चिंता यह है कि इसके एंटीबॉडीज कॉकटेल के खिलाफ रेजिस्टेंट होने के सबूत मिले हैं। हालांकि, उनका यह भी कहना है कि भारत में 417 म्यूटेशन की फ्रीक्वेंसी बहुत ज्यादा नहीं है। वैज्ञानिकों को आशंका है कि कोरोना मरीजों को दी जा रही मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज कॉकटेल का भी असर इस वैरिएंट पर नहीं होगा।

इंडियन कार्उंसिल आफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार 38,13,75,984 सैंपलों की कोरोना जांच की जा चुकी है। सोमवार को 17,51,358 सैंपल टेस्ट किए गए हैं। देश में महामारी की दूसरी लहर के कारण अभी भी कई शहरों में नाइट कर्फ्यू और लॉकडाउन समेत कड़ी पाबंदियां लागू की गई हैं। देश के 12 राज्यों हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल, गोवा, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में अब भी लॉकडाउन की सख्तियां जारी है।

### दिल्ली में आज से लगेगी रूसी वैक्सीन स्पूतनिक, 1145 कीमत

देश में कोरोना महामारी से लड़ने के लिए वैक्सीनेशन अभियान में लगातार तेजी लाई जा रही है। फिलहाल देशभर में कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके ज्यादा लगाए जा रहे हैं, लेकिन अब रूस सेआयात की गई स्पूतनिक-वी वैक्सीन भी लगना शुरू हो चुकी है। रूस की वैक्सीन स्पूतनिक दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में आज में लगना शुरू हो सकती है। दिल्ली में स्पूतनिक वैक्सीन कितने लोगों को लगाई जाएगी, अभी इसके बारे में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वैक्सीन की कीमत 1,145 रुपए रखी गई है, जिसमें केंद्र के प्राइसिंग शेड्यूल के अनुसार, हॉस्पिटल चार्ज और टैक्स भी शामिल किए जा चुके हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज द्वारा Sputnik V रोल-आउट का पहला चरण 17 मई को हैदराबाद में और 18 मई को विशाखापत्तनम में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में मधुकर रेनबो चिल्ड्रन अस्पताल में भी इसी सप्ताह के अंत तक वैक्सीन लोगों को लगना शुरू कर दिया जाएगा।

## केबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# मध्यप्रदेश में धान उद्योग और इथेनाल प्लांट बढ़ाने को लेकर आएगी नई पालिसी

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में धान उद्योगों के लिए नई पालिसी आएगी। गुरुवार से सीएम शिवराज सिंह चौहान सभी मंत्रियों के साथ वन टू वन चर्चा करेंगे। सभी मंत्रियों को पूर्व में ही इसका सूचना होगी। सीएम ने कहा कि सोमवार को मंत्री समूहों की जो समितियां बनाई गई हैं, वो सभी समूह दो-तीन दिन में अपनी बैठकें कर ले और अपनी सिफारिशें और रिपोर्ट अनुशंसा सहित जमा कर दें। जमा करने से पहले सभी समूहों की बैठक हो जाना चाहिए। कैबिनेट की बैठक में विद्युत नियामक आयोग द्वारा विद्युत दरों में जो सबसिडी दी जाती है, उसे भी मंजूरी दी गई। ये वो सबसिडी है जो 5 हार्सपावर के पंप पर किसान को 51 हजार रुपये देना चाहिए और सरकार इस पर सबसिडी देती है और किसान को केवल 3,500 रुपये जमा करने होते हैं और बाकी राशि सरकार जमा करती है। इसी तरह से 10 हार्सपावर के पंप पर एक लाख रुपए के लगभग सरकार जमा करती है। मध्य प्रदेश में 98 लाख परिवार ऐसे हैं, जिनसे 100 रुपये महीना बिजली का बिल लिया जाता है। मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश में किसानों से उपार्जित धान की मिलिंग के संबंध में भी निर्णय लिया गया, जो 50 से 200 रुपये क्विंटल तक के तीन स्लैब। सीएम ने धान के उद्योग लगाने के लिए और इथेनाल प्लांट बढ़ाने के लिए भी पालिसी बनाने का निर्देश दिया।

## 12 मिनट में लूटा नौ करोड़ का सोना

**चुरू।** मराजस्थान के चूरू में नकाबपोश बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में नौ करोड़ की लूट को अंजाम दिया। दरअसल, बदमाश लोन लेने के बहाने मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड के कार्यालय में घुसे और महज 12 मिनट में 17 किलो सोना व 8.92 लाख रुपये लूट लिए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई और महज 3 घंटे में दो आरोपियों को पकड़ लिया। चूरू में रिलायंस मॉल के पास मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड गोल्ड लोन की ब्रांच है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे चार युवक वहां पहुंचे। एक युवक ने अपनी अंगूठी दिखाते हुए लोन लेने की बात कही। उस दौरान ब्रांच में मैनेजर समेत कुल चार लोग मौजूद थे, जो लंच कर रहे थे। बदमाशों ने नकाब पहने हुए थे। उन्होंने हथियार दिखाकर शटर अंदर से बंद कर लिया। साथ ही, मोबाइल छीनने के बाद पूरे स्टाफ को बाथरूम में बंद कर दिया। बदमाशों ने अपनी बाइक चूरू में ही छोड़ दी थीं और वे आई-20 कार से भागे थे। सुरेवाला चौक पर पुलिस ने कार को घेर लिया तो बदमाश कार छोड़कर भागने लगे। ऐसे में पुलिस ने दो बदमाशों को लूट के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## दो मछुआरों की हत्या मामले में इटली के नाविकों पर केस खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फरवरी 2012 में केरल तट पर दो मछुआरों की हत्या के आरोपी दो इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ भारत में आपराधिक कार्यवाही बंद करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति एमआर शाह की अवकाशकालीन पीठ ने दोनों इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ मामले से जुड़ी प्राथमिकी और कार्यवाही को रद्द कर दिया। पीठ ने कहा कि भारत द्वारा स्वीकार किए गए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ निर्णय के अनुसार, इटली गणराज्य मामले में आगे की जांच फिर से शुरू करेगा। शीर्ष अदालत ने इटली गणराज्य द्वारा भुगतान किए गए 10 करोड़ रुपये के मुआवजे को उचित और पर्याप्त करार दिया। पीड़ितों के हितों की रक्षा के लिए मुआवजे का पैसा केरल हाई कोर्ट में जमा किया जाए।

## देवांगना-नताशा और जामिया छात्र आसिफ को मिली जमानत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**

साल 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में गिरफ्तार पिंजरा तोड़ कार्यकर्ता देवांगना कलीता, नताशा नरवाल और जामिया के छात्र आसिफ इकबाल को दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगा मामले के तीनों आरोपियों को अपने-अपने पासपोर्ट जमा करने, गवाहों को प्रभावित न करने और सबूतों के साथ छेड़खानी न करने का निर्देश दिया है। अदालत ने जामिया के छात्र आसिफ इकबाल तन्हा को भी उत्तर-पूर्व दिल्ली में हुए दंगों के मामले में जमानत दी।

## आज से मिलेगा सिर्फ 14, 18 और 22 कैरेट वाला सोना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**

आज से देश में गोल्ड हॉलमार्किंग अनिवार्य हो गई है। अनिवार्य हॉलमार्किंग से आम लोगों को फायदा होगा। यह सुनिश्चित करेगा कि उपभोक्ता धोखा न खाएं और और उन्हें आभूषणों पर अंकित शुद्धता के अनुसार ही आभूषणों की प्राप्ति हो। गोल्ड हॉलमार्किंग सोने की शुद्धता का एक सर्टिफिकेट है। आज से सभी ज्वैलर्स को सिर्फ 14 कैरेट, 18 कैरेट और 22 कैरेट वाले गोल्ड की बिक्री की ही इजाजत है। बीआईएस अप्रैल 2000 से गोल्ड हॉलमार्किंग की स्कीम चला रही है।

## इंडिगो की फ्लाइट का टायर फटा, बड़ा हादसा टला

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली जिले में सोमवार शाम बड़ा हादसा टल गया। दरअसल, यहां लैंडिंग के दौरान इंडिगो की फ्लाइट का टायर फट गया। हालांकि, इस हादसे में किसी भी तरह जान-माल का नुकसान होने की खबर नहीं है। इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-7979 केरल के कन्नूर से कर्नाटक के हुबली आई थी। लैंडिंग के दौरान विमान का टायर अचानक फट गया।

## एनजीटी के आदेश व कोविड के नियमों के पालन की शर्त पर पर्यटकों को अनुमति

# आखिरकार डेढ़ साल बाद 13 हजार फीट ऊंचे रोहतांग दर्रे में लौटी रौनक

**मिनाली।** आखिरकार डेढ़ साल बाद छाई वीरानगी दूर हो गई और 13050 फीट ऊंचा अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल रोहतांग सैलानियों से चहक उठा। एनजीटी के आदेशों सहित कोविड के नियमों के पालन की शर्त पर पर्यटकों को रोहतांग जाने की अनुमति मिल गई। हालांकि पहले दिन गाड़ियों का आंकड़ा कम रहा। लेकिन रोहतांग दर्रा देर सवेर पर्यटकों की रौनक से चहक उठा। मनाली प्रशासन अभी मैनुअली ही परमिट जारी कर रहा है तथा व्यवस्था बनाने तक स्थानीय पर्यटन वाहनों को ही रोहतांग जाने की अनुमति दे रहा है। लेकिन स्थिति सामान्य हो जाने पर पर्यटक ऑनलाइन परमिट प्राप्त कर रोहतांग जा सकेंगे।प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटकों को कोविड रिपोर्ट पर छूट देने के बाद से मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। प्रदेश भर से भी सौ से अधिक वाहन पहुंच रहे हैं, जबकि अन?य राज्यों से आने वाले पर्यटक वाहनों का आंकड़ा भी पांच सौ के पार होने लगा है। पर्यटकों की आमद बढ़ने से होटल कारोबारियों सहित टैक्सी आपरेटरों व पर्यटन से जुड़े हर कारोबारी को राहत मिलने लगी है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप ठाकुर ने कहा पिछले दिनों से पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा 20 जून के बाद पर्यटकों का सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष पूर्ण चंद पोहलु ने स्थानीय पर्यटक वाहनों को प्राथमिकता देने पर मंत्री गोविंद ठाकुर व प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा मनाली आ रहे हर एक पर्यटक को उचित किराये के साथ बेहतरीन सेवाएं देने का प्रयास किया जाएगा। एसडीएम मनाली रमन घर संगी ने सभी पर्यटकों से कोरोना के नियमों का पालन करने का आग्रह किया। शीत मरुस्थल लाहुल घाटी में अब जल्द ही पर्यटक सुहाने सफर का आनंद उठा सकेंगे। एचआरटीसी ने केलंग मनाली के बीच लग्जरी बस सेवा शुरू की है। एचआरटीसी ने इलेक्ट्रिक बस का ट्रायल किया जो सफल रहा है। एचआरटीसी के एमडी संदीप कुमार ने इलेक्ट्रिक बस को केलंग से हरी झंडी देकर रवाना किया। रोहतांग दर्रे के साथ-साथ लाहुल घाटी भी पर्यटकों से चहक उठेगी। केलंग डिपो के आरएम मंगल चन्द मनेपा ने बताया कि बस का ट्रायल सफल रहा है जल्द ही इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की जाएगी।

कटनी
मंगलवार, 15 जून 2021
यश भारत



# दो साल में भी नहीं बना सुहार नदी पर नया पुल

## बरसात के चार महीने फिर परेशान होंगे क्षेत्र के हजारों ग्रामीण

**समयावधि में पुल का निर्माण कार्य न होने पर विधायक ने जताया रोष, महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग**

**कटनी।** बहोरीबंद-बचैया मार्ग पर ग्राम ककरहटा से होकर गुजरी सुहार नदी पर दो साल में भी पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है, जिसके चलते इस साल भी बारिश के दिनों में क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। दो साल पहले बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे की पहल पर पुल निर्माण स्वीकृत किया गया था। वर्ष 2019 में पुल का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था, जो दो सालों बाद भी पूरा नहीं हो सका है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बहोरीबंद विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम सिंदुरसी से बचैया मार्ग के बीच ग्राम ककरेहटा में सुहार नदी पर चल रहे पुल का निर्माण कार्य अब तलक पूरा नहीं हो सका है। समय अवधि में पुल का निर्माण कार्य नहीं होने पर बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है। विधायक श्री पांडेय ने निर्माण एजेंसी का टेंडर निरस्त करने व ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की बात कही है।

### बरसात के दिनों में परेशान होते हैं ग्रामीण

गौरतलब है कि बहोरीबंद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ककरेहटा में सुहार नदी पर बने पुल की ऊंचाई ज्यादा नहीं है। जिससे हर वर्ष वर्षाकाल के समय सुहार नदी उफान पर आ जाती है। जिसके चलते यहां के वाशिंदों को 4 महीने तक घरों में कैद होने विवश होना पड़ता है। विदित हो कि वर्ष 2019 में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विधायक से पुल निर्माण की मांग की थी। जिस पर विधायक ने पुल निर्माण कार्य करने के लिए पीएमजीएसवाई को पत्र लिखा था। विधायक के पत्र के बाद पीएमजीएसवाई के द्वारा ककरेहटा पुल निर्माण कार्य के लिए कार्ययोजना बनाई, जिससे पुल कार्य की शुरुआत 26 अक्टूबर 2019 को की गई थी, जिसका निर्माण कार्य 25 अप्रैल 2021 को पूर्ण हो जाना था। पुल की लंबाई 51.86 मीटर व लागत 152 लाख रुपए थी।

### 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन कर सीएम की सराहना अर्जित की थी ग्रामीणों ने

बताया जाता है कि बहोरीबंद रूपनाथ बचैया मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत ककरहटा, जिसके ग्राम बम्होरी ने प्रदेश मे 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन कराकर नाम रोशन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी ग्राम के लोगों की सराहना की थी। उसी ग्राम ककरहटा में सुहार नदी में बाढ़ आने पर छोटा पुल डूब जाया करता है। जिससे एक बड़ा हिस्सा तहसील एवं जिले से कट जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के पहले पुल का निर्माण हो जाता तो उन्हें इस वर्षाकाल में परेशान नहीं होना पड़ता। पुल निर्माण 25 अप्रैल तक पूर्ण होना था, जो अब तक नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात शुरू होने के पहले यदि कार्य में तेजी लाई जाए तो पुल का निर्माण पूरा हो सकता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ठेकेदार अत्यंत ही धीमी गति से कार्य कर रहा है। निर्माण के लिए पुराना पुल तोड़ दिया गया है। बरसात मे लोगों का क्या होगा।

# कोरोना काल में तनाव दूर करने हुए मनोरंजक कार्यक्रम

### सुदर्शना की शानदार पहल, अंताक्षरी गायन में महिलाओं ने पेश किए गीत

**कटनी।** सुदर्शना संस्था ने एक सजग योद्धा की भूमिका का निर्वहन विगत 2020 अप्रैल से निरंतर किया है और कर रही है। अपने वृहद परिवार के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ का पूरा पूरा ख्याल रखा है और सबकी ऊर्जा उत्साह को बनाये रखा है। कोरोना महामारी के चलते सभी के दिल दिमाग में एक अनदेखा भय डर और तनाव चलता था। प्रोटोकाल के चलते घर मे बंद महिलाओं, बच्चों, युवतियों को इस तनाव से दूर रखने और ऊर्जा उत्साह वर्द्धक माहौल बनाये रखने के लिये संस्था अध्यक्ष मीरा भार्गव द्वारा प्रति सप्ताह सुंदर और मनोरंजक स्वास्थ्यवर्द्धक कार्यक्रम ऑनलाईन आयोजित किये गए और यह क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में कल सुदर्शना द्वारा शानदार अंताक्षरी गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 3 राउंड में सम्पन्न हुये इस कार्यक्रम की थीम बरसात थी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में माँ सरस्वती का पूजन माल्यार्पण संस्था अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव द्वारा किया गया। संस्था की प्रार्थना श्रीमती अनीता सिजारिया और सरस्वती वन्दना डॉ अनुपमा भार्गव द्वारा की गई। इसके बाद भक्ति गीत मधुराष्टकम की बहुत ही मधुर प्रस्तुति मनीषा त्रिसोलिया द्वारा की गई। दूसरे चरण में अंताक्षरी का बहुत ही सुंदर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बरसात की थीम पर सबने बादल बिजली घटा बारिश के गीत गा कर सीजन की प्रथम बरखा का स्वागत किया। इस शानदार और रोचक कार्यक्रम का सुंदर संचालन श्रीमती सीमा नाहर और श्रीमती मीना शर्मा द्वारा किया गया। सबकी प्रस्तुति बहुत ही सुंदर एक से बढ़कर एक रही। अंताक्षरी में अन्नू सरावगी, अंजली सोनी, वन्दना बगड़िया, अलका अग्रवाल, दीपाली गुप्ता, नीतू गुप्ता, सोनल सचदेवा, विभा कंडेले, दीप्ति अग्रवाल, रूबी बरसैन्या, कान्ता सचदेवा, प्रियंका गुप्ता, सीमा नाहर, अनुपमा भार्गव, मीना शर्मा, तनु गुप्ता, अनीता सिजारिया, पूजा तनवानी, रागिनी मित्तल, शांति शर्मा, सरिता बजाज की प्रस्तुतियां रहीं। लगातार 2 घण्टे तक चले इस कार्यक्रम का सभी ने घर बैठे भरपूर आनन्द लिया।

# शादियों में मिले 200 लोगों की अनुमति



**टेंट व्यवसायियों ने की कलेक्टर से मुलाकात, शहर की अन्य समस्याओं पर चर्चा**

**कटनी।** टेंट लाइट व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों ने व्यापार में आ रही परेशानियों को मध्यप्रदेश शासन तक पहुंचाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मुलाकात की तथा विभिन्न बिंदुओं पर बातचीत करते हुए निराकरण की अपेक्षा की। जिसमे प्रमुख रूप से शादी ब्याह में वर एवं वधु पक्ष की तरफ से 100-100 व्यक्तियों को शामिल होने की अनुमति व विभिन्न शादी ब्याह व अन्य आयोजन स्थलों पर स्थान क्षमता का 50 प्रतिशत लोगों की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम करने का निर्देश जारी करने पर चर्चा की गई, इसके अलावा कोविड-19 में विभिन्न टेंट व्यवसायियों को हुए आर्थिक नुकसान की पूर्ति अनुदान या टैक्स छूट के रूप में प्रदान किए जाने की बात रखी गई। बस स्टैंड व्यापारी संघ के अध्यक्ष वेंकट गौर द्वारा बस स्टैंड दुकानदारों को कोविड-19 में पिछले दो माह में व्यापार बंद रहने के कारण हुए आर्थिक नुकसान से नगर निगम द्वारा मासिक शुल्क के रूप में लिया जाने वाला दुकान किराया को माफ किए जाने की बात कही गई। मिशन चौक ओवर ब्रिज के नीचे सीवर लाइन निर्माण में हो रही देरी के कारण अधूरी सीसी रोड के कारण जनता को हो रही तकलीफों पर विस्तार से चर्चा की, इसके अलावा चांडक चौक से घंटाघर जुहला रपटा मार्ग पर यातायात के दबाव को देखते हुए चांडक चौक से घंटाघर तक मार्ग के पेंच वर्क रिपेयर की मांग की गई। इस मार्ग को वन वे घोषित करते हुए इस के समांतर स्थित आजाद चौक, झंडा बाजार मार्ग पर एक तरफ से आना एक तरफ से जाना दुपहिया एवं तिपहिया चार पहिया वाहनों को प्रारंभ किए जाने की मांग रखी। कलेक्टर ने चर्चा के दौरान सभी बातों को सकारात्मक ढंग से सुनकर परीक्षण कराते हुए मंजूर किए जाने की बात कही। इस प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष दिव्यांश अंशु मिश्रा, लोकतांत्रिक जनता दल के ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम प्रकाश दीक्षित, शहर अध्यक्ष राजेश नायक सौरभ, वेंकटेश गौर, कटनी टेंट लाइट के राजेश रजक राजू, राजू खनूजा, हेतराम गुप्ता, हरचरण सिह खनूजा, संजय सरावगी, बबलू राव, मतीन खान, जित्तू निषाद, अंकित सोनी, बल्दाऊ सोनी, मनोज निगम अध्यक्ष मानसरोवर विकास समिति व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में रविवार 13 जून को साईकिल रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह रैली जिला एवं सत्र न्यायालय कटनी से प्रारंभ कर न्याय निकुंज, करहिया, बड़ागांव, पिपरिया होते हुये ग्राम घुघरा तक आयोजित की गई। इस रैली के माध्यम से न्याय निकुंज से घुघरा तक सम्मिलित ग्रामवासियों को कोरोना महामारी के संक्रमण की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाने, स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिये सुझाव एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया। इस अवसर कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करें एवं टीकाकरण अभियान में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। ग्राम पंचायत बड़ागांव में आयोजित शिविर में मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी ने नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मध्यस्थता, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता, लोक अदालत, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रदान की। साथ ही ग्राम वासियों को कोरोना महामारी से बचाव हेतु टीकाकरण के साथ-साथ मास्क एवं सेनेटाईजर अथवा साबुन से हाथ धोने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने हेतु समझाईश दी गयी। पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुये जिला न्यायालय परिसर एवं न्याय निकुंज हेतु लगभग 100 फलदार वृक्ष घुघरा नर्सरी से क्रय कर वृक्षारोपण किये गये। उक्त साईकिल रैली के माध्यम से आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर में प्रधान न्यायाधीश फेमिली कोर्ट आर.पी. सोनी विशेष न्यायाधीश, संजीव कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार, अभिषेक सिंह, राजेश कुमार, सूर्यप्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार नोटिया ऐडीजे, इंदुकांत तिवारी सीजेएम, श्रीकृष्ण बुखारिया, मुदित लटोरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया साईकल रैली का आयोजन

# सतर्क रहें मलेरिया से, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**कटनी।** वर्षा ऋतु के आगमन के साथ मच्छर जनित रोग मलेरिया की भी संभावनाएँ होने लगी हैं। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मलेरिया परजीवी का संक्रमण संक्रमित मादा एनाफिलीज़ मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर रुके हुए साफ पानी में पैदा होता है, घर के आस-पास कहीं भी खुले स्थान पर पानी एकत्रित न होने दें। प्रदेशवासियों से कहा गया है कि हर सप्ताह कूलर, पानी की टंकी आदि को खाली कर सफाई करें। ऐसे स्थान जहाँ पानी की निकासी संभव न हो और अनावश्यक जल भराव हो वहाँ केरोसिन या जला हुआ तेल डालें। मच्छरदानी लगाकर सोएं। खिडकियों और दरवाजों पर मच्छरों को रोकने के लिये जाली लगायें। पूरी बाँह के कपड़े पहनें। मलेरिया के लक्षणों में ठंड लगकर तेज बुखार आना, पसीना आकर बुखार उतर जाना, रुक-रुक कर बुखार आना, सिर दर्द और उल्टी होना तथा बैचेनी, कमजोरी, सुस्ती महसूस होना शामिल है। मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल शासकीय स्वास्थ्य संस्था अथवा आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर खून की जाँच करायें।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे | डॉ. कनिका अग्रवाल | डॉ. जाकिर हुसैन | डॉ. अनिमेश गुप्ता

उपलब्ध विभाग
हेल्पलाईन नं.8982275111
उपलब्ध सुविधायें
- मेडिसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 15 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# रतनगांव स्टेशन से बिना टिकट सफर करते हैं यात्री

## स्टेशन बनने के बाद आज तक नहीं बनाया गया टिकट काउंटर



**कटनी। कटनी-बीना रेल सेक्शन के सगौनी व सलैया रेलवे स्टेशनों के बीच घनघोर जंगल में रतनगांव रेलवे स्टेशन है, जिसकी सीमा तीन जिलों पन्ना, कटनी व दमोह से लगी है। इस स्टेशन के कारण यह कहा जाता है कि पन्ना जिले की सीमा से भी रेल गुजरती है। तीन जिलों को जोड़ने वाले स्टेशन पर आज तक टिकट नहीं मिलती है। न ही यहां कोई टिकट काउंटर बनाया गया है।**

सगौनी व सलैया रेलवे स्टेशनों के बीच 18 किलोमीटर की लंबी दूरी होने के कारण रेल प्रशासन के द्वारा रतनगांव को रेलवे स्टेशन बनाया गया था लेकिन इस स्टेशन से कटनी से दमोह, सागर, बीना की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को आज भी बगैर टिकट यात्रा करनी पड़ती है। स्टेशन के आसपास बसे गांवों के लिए पहले दो पैसेंजर ट्रेनों की सुविधा थी। वर्तमान में मेमू ट्रेन यहां रुक रही है। रेलवे स्टेशन से 4 किलोमीटर दूर नयागांव कटनी जिले में आता है। 3 किलोमीटर दूर जामुन ढाक पन्ना जिले की सीमा में बसा हुआ है। वहीं स्टेशन से 5 किलोमीटर दूर मझौली व 10 किलोमीटर दूर कालाकोट गांव घनघोर जंगल के बीच बसे हुए हैं। इसी गांव के नाम से रेल पुल भुजा का नाम रखा गया है। इन तीन जिले दमोह, कटनी, पन्ना के लोगों का रतनगांव स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन से सफर करने के लिए आने-जाने का एकमात्र साधन है। आज तक किसी भी मुख्य सड़क मार्ग से इन गांवों को नहीं जोड़ा गया। जामुन डाल गांव के मिलन सिंह व दरबारी सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन से गांव तक जाने वाले रास्ते पगडंडी तो हैं ही साथ ही घनघोर जंगल के बीच में बने हुए। जिससे इस जंगल में रीछ तेंदुआ सहित हिंसक प्रजाति के वन्यजीव रहते है। मझौली गांव के गणेश, बिहारी सिंह, रामू, बिरजू, हल्लू आदिवासी ने बताया कि आने जाने के लिए सिर्फ और सिर्फ पैसेंजर ट्रेनों का ही सहारा हैं। मजदूर वर्ग के लोग जंगल से लकड़ियां काटकर पैसेंजर ट्रेनों से ले जाकर कटनी.दमोह ले जाकर बेचते हैं।

### सलैया या सगौनी से लेते हैं टिकट

रतन गांव स्टेशन से बगैर टिकट चढ़ने वाले यात्री दमोह या कटनी में पकड़े जाने के डर से सगौनी या सलैया स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर दौड़ लगाकर टिकट लेने जाते हैं। जो टिकट नहीं ले पाते हैं वह पकड़े जाते हैं तो उन्हें जुर्माना भरना पड़ता है। रेल कर्मचारी बताते हैं कि यहां एक बार टिकट सेवा शुरू की गई थी लेकिन उसका खर्च भी नहीं निकल रहा था, जिससे टिकट सुविधा बंद कर दी गई है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के लिए आशा कार्यकर्ताओं ने संभाला मोर्चा

**कटनी।** कोविड-19 के सक्रमण से आमजन को बचाने तथा इससे बचाव के प्रति उनमें जनजागरुकता लाने विभिन्न स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में जिलास्तर से ग्रामस्तर तक पदस्थ शासकीय अमले द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही लोगों के घरों तक उनसे संपर्क कर उन्हें परामर्श, कोविड पॉजीटिव को दवाओं का वितरण सहित स्वास्थ्य विभाग व गृह विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में फील्ड पर सक्रिय होकर अपने दायित्वों के निर्वहन में जुटे हुये हैं। अपने गांव में लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में आशा कार्यकर्ता अनीता मेहरा भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ढीमरखेडा तहसील के अंतर्गत ग्राम पिपरिया सहलावन की आशा कार्यकर्ता अनीता मेहरा के द्धारा बाहर से गांव में वापस आये लोगो के साथ संवाद, परामर्श एवं होम कोरेन्टीन लोगो के साथ किये जा रहे अच्छा व्यवहार लगातार सम्पर्क किया जा रहा है। साथ ही कोविड सक्रंमित व्यक्तियों को भी सतत् रुप से संपर्क, परामर्श, समझाईश एवं उनके मनोबल को बढ़ाने, उन्हें सम्बंल देने का कार्य भी बखूबी कर रही हैं।

### अनीता ने भी अपनी निभाई जिम्मेदारी, एक परिवार को संक्रमण मुक्त करने में किया सहयोग

आशा कार्यकर्ता अनीता ने अपने अनुभव साझा करते हुये बताया कि एक महिला पार्वती चौधरी पति लटोरी चौधरी उम्र 45 वर्ष दिल्ली से वापस अपने घर आई थी। इनकी कोविड जांच करवाने पर वह कोविड सक्रमित पाई गई। परन्तु महिला द्धारा अपने आप को सक्रमित मानने को तैयार नही थी। उसके परिवार के द्धारा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ एवं सचिव को सहयोग नहीं किया गया। तब इसकी सूचना पुलिस एवं तहसीलदार को दी गई। उनकी समझाईस पर परिवार क्वारटीन होने को तैयार हुआ। परन्तु सक्रंमित होने की सुचना पाते ही महिला अपने रिश्तेदार के यहां अमोच ग्राम जा चुकी थी। अब आशा कार्यकर्ता अनीता मेहरा एवं पार्वती चक्रवर्ती द्धारा यह सूचना आशा सहयोगी अनुजा दुबे को दी गई। आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगी द्धारा उक्त महिला के आस-पड़ोस से अमोच के रिश्तेदार का मोबाईल नम्बर पता कर सक्रमित महिला से सम्पर्क किया गया और उससे चर्चा कर ग्राम पिपरिया आने के लिये समझाईश दी गई। सक्रंमित महिला शाम तक वापस अपने ग्राम आ गई। वापस आने पर उसे कोविड मेडिसिन किट आवश्यक दवाएँ के साथ क्वारंटीन किया गया। अब वह महिला पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है। इस पूरी घटना में आशा एवं आशा सहयोगी के त्वरित प्रयास से महिला जिस रिश्तेदार के यहां गई तुरंत वापिस आने से वह परिवार भी सक्रमित होने से बच गया। स्वयं महिला को वापिस ग्राम आने पर क्वारंटीन किया गया, तत्काल आवश्यक दवाएँ, मेडिसिन किट देकर उसे कोविड देखभाल, खानपान की जानकारी एवं उसे इससे लड़ने सम्बल, सहायता, मनोबल बढाया गया। जिससे आज महिला पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है एवं आशा एवं आशा सहयोगी को इस प्रयास एवं समझाईश देने, फोन कर वापिस बुलाने के लिए बहुत बहुत धन्यावद दे रही है।

# महाकौशल इंडस्ट्रीज में हुआ टीकाकरण

### औद्योगिक इकाईयों में कार्यरत 200 लोगों ने लगवाई वैक्सीन

**कटनी।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कटनी एवं जिला उद्योग संगठन कटनी के संयुक्त तत्वाधान में औद्योगिक क्षेत्र बरगवां में स्थित इकाई महाकौशल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में कोविड-19 वेक्सीनेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत इकाइयों में कार्य करने वाले श्रमिक और कर्मचारियों को वेक्सीनेशन किया गया। इस विशेष वेक्सीनेशन कैम्प में महाकौशल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, अजय फूड प्राइवेट लिमिटेड, गुरु नानक प्लास्टिक इंडस्ट्रीज गुरु नानक प्लास्ट धर्म लोक इंडस्ट्रीस अतिरिक्त बहुत सी अन्य इकाइयों के श्रमिकों ने आकर कोरोना वैक्सीन का प्रथम या द्वितीय डोज लगवाया। इस वेक्सीनेशन कैम्प में कुल 200 लोगों को कोविड-19 का टीकाकरण किया गया। वेक्सीनेशन कैम्प के आयोजन में जिला उद्योग संगठन के अध्यक्ष मनीष गेयी, जिला रिप्रेक्टरीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद गुगलिया, हॉस्पिटल का स्टाफ और जिला व्यापार उद्योग केंद्र के कर्मचारियों ने सहयोग दिया।

# अफवाहों पर लगा विराम, वैक्सीन लगवाने उमड़े लोग

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# रीठी जनपद की ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा में वैक्सीनेशन कैम्प

**कटनी।** रीठी जनपद की ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा में कोरोना महामारी से बचाव के लिए कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण किया जा रहा है, जिसमें कुछ स्थानों पर वैक्सीन को लेकर तरह तरह की अफवाहें व भ्रम लोगों के बीच फैला हुआ था, किंतु रीठी जनपद की पिपरिया परौहा पंचायत ही एकमात्र ऐसी पंचायत है, जहां लोग वैक्सीन लगवाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। किसी को कोई परेशानी नहीं है।

हर व्यक्ति जागरूक व समझदारी का परिचय देते हुए वैक्सीन लगवा रहा है। लोगो से बात करने पर पता चला है कि यहां के युवा समाजसेवी व जनअभियान परिषद के मेंटर गोवर्धन रजक द्वारा ग्राम में वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें दीवार लेखन, मास्क वितरण, सार्वजनिक जगहों पर सेनेटाइजर का छिड़काव, वैक्सीन को लेकर फैले भ्रम को दूर करना आदि तरह से लोगों को घर-घर जाकर प्रेरित किया गया, जिसकी वजह से आज यहां के लोगों की मानसिकता बदली हुई है और कोरोना से बचाव हेतु टीका लगवाने के लिए लोग लाइन लगाकर पहुंचे। ग्राम पंचायत पिपरिया परोहा में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों को उद्यानकी अधीक्षक राधे लाल नामदेव, ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह, मप्र जन अभियान परिषद एवं गोवर्धन रजक युवा सवेरा समिति के सौजन्य से एक पौधा देखकर सम्मानित किया गया तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण अंकुर योजना के अंतर्गत वायुदूत चच के बारे में जानकारी दी गई। समारोह में कोविड.19 वॉलिंटियर्स मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से शरद यादव विजय नामदेव, अब्दुल खान, लल्लू रजक ने सभी का उत्साहवर्धन किया।

टीकाकरण में नायब तहसीलदार सुश्री निधि तिवारी, पटवारी संजीत धुर्वे, उद्यानिकी विभाग से राधेलाल नामदेवए, परियोजना अधिकारी अतुल, विकासखण्ड समन्वयक अरविंद शाह, कमला गुप्ता, प्रधानाध्यापक पुरषोत्तम कोरी, जितेंद्र सेन, संजो गोंटिया, प्रकाश चौधरी, अमर बहादुर यादव, केशव यादव, जनअभियान के वोलेंटियर्स शरद यादव, अब्दुल खानए विजय नामदेव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

## पति की मौत के बाद अपात्र व्यक्ति को पीएम आवास आवंटित करने का मामला

# अपात्र को पीएम आवास आवंटित करने की जांच

## यशभारत की खबर के बाद जांच करने इमलाज पहुंचे अधिकारी

**कटनी/रीठी।** रीठी तहसील के ग्राम इमलाज में रामकुमार बर्मन की मौत के बाद उसके नाम पर आवंटित होने वाले पीएम आवास को दूसरे अपात्र व्यक्ति रामकुमार काछी के नाम पर आवंटित किए जाने के मामले की जांच शुरू हो गई है। यशभारत द्वारा विगत 3 जून को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने एवं रामकुमार बर्मन की पत्नी श्रीमती आशा बाई बर्मन द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से न्याय की गुहार लगाए जाने के बाद जनपद पंचायत रीठी के अधिकारी शिकायतों की जांच करने सोमवार को ग्राम इमलाज पहुंचे। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती रोशनी सिंह भी उपस्थित रहीं। जांच दल में शामिल पीसीओ डीलन सिंह व पंचायत समन्वयक पीएम आवास जे एल पांडे ने महिला से इस पूरे मामले की जानकारी ली। महिला के लिखित बयान

यश भारत
सिटी न्यूज
दूसरे के नाम आवंटित कर दिया पीएम आवास

3 जून को यशभारत अखबार में प्रकाशित हुई थी खबर।

भी दर्ज किए गए। इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत इमलाज के तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक सचिव मिथलेश पाठक, सचिव श्रीधर मिश्रा एवं जिओ टेग पीसीओ लक्ष्मी नारायण मिश्रा की कारगुजारी सामने आई है। गौरतलब है कि जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम इमलाज निवासी रामकुमार बर्मन को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास आवंटित किया गया था, लेकिन इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद नियमानुसार पीएम आवास उसकी पत्नी आशाबाई बर्मन को आवंटित किया जाना था लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपात्र व्यक्ति रामकुमार काछी के नाम पीएम आवास आवंटित कर दिया। पीड़ित आशा बाई ने कलेक्टर से शिकायत की थी एवं उसके पुत्र लक्खू बर्मन ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतों की जांच करने 14 जून को जांच दल ग्राम इमलाज पहुंचा।

### पीड़ित महिला ने कहा-सचिव पर हो एफआईआर

मृतक रामकुमार बर्मन की पत्नी आशा बाई बर्मन ने जांच अधिकारी को दिए गए अपने लिखित बयान में कहा कि उसके पति के नाम पर आवंटित पीएम आवास को मिलीभगत से दूसरे व्यक्ति को दे दिया गया और पीएम आवास की पहली और दूसरी किश्त भी उसे दे दी गई। सचिव द्वारा 10 हजार रूपयों की मांग की जा रही थी। मैने 5 हजार रूपए दिए थे, इसके बाद भी मुझे पीएम आवास नहीं दिया। सचिव के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए मुझे आवास का लाभ दिलाया जाए।

### सचिव से वसूल की जाएगी पीएम आवास की राशि

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत इमलाज की जांच ग्राम पंचायत बांधा में की गई, जबकि इमलाज पंचायत की शिकायत की जांच इमलाज पंचायत भवन में होनी थी। बताया गया है कि सचिव श्रीधर मिश्रा ग्राम पंचायत बांधा और इमलाज दोनों के सचिव हैं। जांच अधिकारी जे एल पांडे ने बताया कि इमलाज पंचायत का रिकार्ड बांधा में सचिव द्वारा रखा जाता है, जो आश्चर्यजनक है। उन्होंने बताया कि जांच में सचिव श्रीधर मिश्रा और जीआरएस मिथलेश पाठक द्वारा पीएम आवास का अपात्र हितग्राही रामकुमार काछी के नाम रजिस्ट्रेशन एवं जियो टेग किया गया। प्रथम जांच में दोनों दोषी हैं। पहली किश्त 25 हजार एवं दूसरी किश्त 40 हजार, इस तरह 65 हजार की नियम विरुद्ध राशि जारी की गई। जांच में पाया गया की यह राशि रामकुमार काछी के नाम पर जारी की गई है। इसकी वसूली सचिव से की जाएगी।

### एफआईआर को लेकर गेन्द अब सीईओ के पाले में

पूरे मामले में प्रथमदृष्टया दोषी पाए जाने के बाद अब सवाल यह है कि क्या दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। जिस पर जांच अधिकारी जे एल पांडे का कहना था कि निश्चित रूप से एफआईआर की जानी चाहिए। यह निर्णय सीईओ को करना है। उन्होंने यह स्वीकार करते हुए कहा कि धोखाधड़ी का मामला बनता है, इसलिए सचिव श्रीधर मिश्रा एवं मिथलेश पाठक पर एफआईआद की जाएगी।

## पदोन्नति

एएसआई लेख सिंह परिहार को पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा एक स्टार और लगाकर एसआई के पद पर पदोन्नत किया किया गया। इसी प्रकार आरक्षक तरूणेंद्र द्विवेदी को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया।

## स्कूल बंद, प्रवेश प्रक्रिया शुरू ऑनलाइन ही होगी पढ़ाई

### राज्य सरकार जारी करेगी नई गाइडलाइन

**कटनी। कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद एक जून से अनलॉक लागू किया गया है, लेकिन स्कूलों को अभी भी बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं, हालांकि आज 15 जून से स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है। लॉकडाउन के चलते लंबे समय से बंद स्कूलों में शिक्षक पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया को पूरा कराएंगे।**

फिलहाल पढ़ाई ऑनलाइन ही संचालित की जाएगी। इसके आदेश जल्द जारी किए जाएंगे। स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 15 जून से शुरू होकर 30 जून तक चलेगी। इस दौरान कोविड प्रोटोकाल का भी अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। दूरदर्शन के माध्यम से पढ़ाई की भी शुरुआत 15 जून से की जा रही है। रोजाना मध्यप्रदेश दूरदर्शन पर निर्धारित समय सारणी के अनुसार कक्षा वार कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे। बारहवीं कक्षा में सुबह 8 बजे से 9 बजे तक एवं दसवीं कक्षा में सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक शैक्षणिक कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे। प्रसारण का समय सोमवार से शुक्रवार तक नियत किया गया है। आरटीई प्रक्रिया को लेकर अमले का ऑनलाइन प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा अधिकारियों को दिया गया। जिसमें अधिकारियों को आरटीई से जुड़ी प्रक्रिया को समझाया गया। रजिस्ट्रेशन, प्रवेश प्रक्रिया, सत्यापन आदि की जानकारी दी गई। निर्देशित किया गया है कि सत्यापन के लिए किसी भी छात्र को बुलाया न जाए। जब प्रवेश छात्र का हो जाए, तब उसे वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाए।

## अवैध रेत से भरी ट्रेक्टर-ट्राली जप्त

**कटनी।** बरही पुलिस ने रेत का अवैध रूप से परिवहन करने के आरोप में ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त व चालक को गिरफ्तार किया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि धवैया द्धारा निवासी कृष्णकुमार पाटक के ट्रेक्टर-ट्राली क्रमांक एम.पी.21एए-3202 में चालक पिपरियाकला निवासी वेदप्रकाश तिवारी अवैध रूप से रेत का परिवहन करते मिला। जांच के दौरान वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके कारण ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया और चालक व मालिक के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### एटीएम से 87 हजार 500 रूपए पार

**कटनी।** कोतवाली के गायत्रीनगर क्षेत्र स्थित एक एटीएम में एक खातेदार ठगी का शिकार हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उपनगरीय क्षेत्र मंगलनगर निवासी सुशील शुक्ला के एटीएम से किसी अज्ञात बदमाश ने फर्जी तरीके से 87 हजार 500 रूपए पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात बदमाश के विरूद्ध ठगी का मामला धारा 420 के तहत दर्ज कर लिया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

कटनी। बरही थाना अंतर्गत एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म कर फरार 5 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। दुष्कर्म पीड़िता ने 27 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर बरही पुलिस ने आरोपी वीरू बर्मन के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरू की थी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने आरोपी वीरू बर्मन की गिरफ्तारी पर 5 हजार रूपए का नगद ईनाम भी घोषित किया था। बताया जाता है कि गतदिवस बरही पुलिस को मुखबिरों ने बताया कि वीरू बर्मन गुजरात जाने के लिए खन्ना बंजारी स्टेशन में ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहा है। जिसके बाद बरही थाना प्रभारी थाना संदीप अयाची, उपनिरीक्षक मीनाक्षी पन्द्रे, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, आरक्षक जगत सिंह व वाहन चालक आरक्षक रोहित सिंह सूचना की तस्दीक करने खन्ना बंजारी स्टेशन पहुंच गए। जहां फरार होने के पूर्व वीरू बर्मन पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

## भागते समय चोर को पहचान लिया था मकान मालिक ने

### कुठला पुलिस ने चंद घंटों में सुलझाई वारदात

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत इंडिया होटल के पीछे चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार थाना क्षेत्र के कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मूलतः ग्राम खड़ैला निवासी नरेन्द्र कुमार पिता शिवकुमार साहू इंडिया होटल के पीछे किराए के मकान में परिवार सहित रहता है। बताया जाता है कि 13-14 जून की दरम्यानी रात लगभग ढाई बजे कुठला बस्ती निवासी भक्का उर्फ सोनू उर्फ शिवकुमार पिता चेतू पटेल छत के रास्ते नरेन्द्र पटेल के मकान में घुसा और अंदर से लगभग 60 हजार रूपए कीमती जेवर लेकर भागने लगा। इसी दौरान नरेन्द्र की नींद खुल गई और उसने शिवकुमार को पकड़ भी लिया लेकिन शातिर बदमाश शिवकुमार नरेन्द्र का हाथ दांत से काटकर चंपत हो गया। मामले में खास बात यह रही कि नरेन्द्र ने शिवकुमार को पहचान लिया और उसकी नामजद शिकायत कुठला थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने भी शिवकुमार के विरूद्ध मामला दर्ज कर शिवकुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए जेवर बरामद कर लिए। गिरफ्तारी के बाद आरोपी शिवकुमार को न्यायालय में पेश किया गया। शातिर चोर को मशरूका सहित गिरफ्तार करने में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत, सउनि प्रहलाद पैकरा, आरक्षक भगवत चौधरी, मोहन मण्डलोई, दिनेश सेन की भूमिका रही है। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि आरोपी नशे का आदि व थाना क्षेत्र का शातिर बदमाश है। उसके विरूद्ध दर्जनों मामले दर्ज हैं तथा आरोपी को आर्म्स एक्ट के मामले में 3 माह की सजा भी पड़ चुकि है।

**शातिर बदमाश 60 हजार के जेवरों सहित गिरफ्तार**

## रोशन नगर में नाली निर्माण बरती जा रही अनियमिताएं

### क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम कमिश्नर से की शिकायत

**कटनी।** रोशननगर निवासियों ने नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह से मुलाकात रोशननगर में हो रहे नाली निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं की जांच की मांग की है और तीन स्कूल को तिलक कॉलेज की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग से जोड़ने की मांग की है। स्थानीय निवासी प्रेमनारायण पठारिया ने बताया कि श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड क्रमांक 18 के अंतर्गत रोशननगर क्षेत्र में शारदा माता मंदिर के आसपास वाले क्षेत्र में स्थानीय निवासियों की मांग पर वर्षों बाद नाली व सड़क निर्माण प्रारम्भ हुआ। नाली के निर्माण में ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है और स्वीकृत ले ऑउट अनुसार कार्य नकरते हुए मनमाने ढंग से जेसीबी मशीन से भारी भरकम नाला बीच सड़क में बना दिया गया है जिससे लोगों के आवागमन का मार्ग बहुत ही संकरा हो गया है। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास आसपास के घरों से निकलने वाला गंदा पानी एकत्रित होता है जो कि निर्माणाधीन नाली से सिर्फ 20-25 मीटर की दूरी पर है लेकिन ठेकेदार द्वारा उक्त नाली का निर्माण नही किया जा रहा है। संबंधित अधिकारी भी कार्य का निरीक्षण करने नही आ रहे है। इसी तरह पूर्व पार्षद के कार्यकाल में लगभग 9 वर्ष पूर्व सेंट अब्राहम स्कूल, हरप्रसाद विद्या मंदिर, गुरुकृपा शिक्षा निकेतन से लेकर मुख्य मार्ग रोशन नगर को जाने वाले मार्ग का निर्माण कराया गया था लेकिन लगभग 50 मीटर सड़क नही बन पाने से स्कूलों के मार्ग को मुख्य मार्ग से जोड़ा नही जा सका था जिसमें आये दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त होते है और बारिश में पानी भर जाने से आवागमन भी बाधित होता है। उक्त स्थान की गलियों में सड़क निर्माण भी प्रारंभ है। स्थानीय निवासी प्रेमनारायण पठारिया, नारायण प्रसाद समदड़िया, राजेश तिवारी, नरेश तिवारी, फिरोज खान, मनोज गुप्ता, मनीष भटनागर आदि ने मांग की है कि शेष स्थानों पर नाली निर्माण कराया जाए और तीनों स्कूलों से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले लगभग 50 मीटर की सड़क का निर्माण भी कराया जाए।

# झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी के खिलाफ लामबंद हुए दाल मिल व्यापारी

## व्यापार में हस्तक्षेप कर 3 मिल संचालकों पर दुर्भावनापूर्ण अपराध दर्ज करने का आरोप

**कटनी।** झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर के खिलाफ दाल मिल संचालक लामबंद हो गये है। कल रात पूर्व मंत्री व विगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक से दाल मिलर्स संघ के सदस्यों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की। श्री पाठक ने मामले को गंभीरता से लिया तथा व्यापारी वर्ग को आश्वस्त किया कि कार्यवाही गलत हुई है तो जांच होगी और दोषियों पर कार्यवाही होगी।

संघ सदस्यों ने शिकायत पत्र में कहा कि संजय फूड प्रोडक्ट के प्रोपराइटर सरिता तीर्थानी के साथ विगत 8 जून को सप्लाई की गई तूअर और दलहन दाल को लेकर व्यापरिक बातचीत हुई।

**विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को दिया ज्ञापन, कार्यवाही की मांग**

वाहन चालक द्वारा अभद्रता करने एवं लाखों रुपए कीमती माल के नुकसान के संबंध में कटौती न करने एवं शराब के नशे में धमकी देने के बाद पुलिस चौकी झिंझरी प्रभारी रश्मि सोनकर से मिलीभगत कर यह जानते हुए कि व्यापारिक गतिविधि में पुलिस प्रशासन का हस्तक्षेप नहीं है, इसके बावजूद पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा फर्जी मामला पंजीबद्ध किया गया तथा दाल मिलर्स संघ के पदाधिकारियों द्वारा जब विधि की व्यवस्था के अंतर्गत रश्मि सोनकर से विचार विमर्श करने हेतु निवेदन किया गया तो उनके द्वारा दाल मिल संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ अभद्रता करते हुए पुलिस मैनुअल के विपरीत जाकर झूठे मामलों में फंसा देने एवं बदसलूकी करने का व्यवहार किया गया। साथ ही धमकी दी गई कि नेतागिरी करोगे तो जेल में सड़वा दूंगी।

व्यापारियों ने विधायक श्री पाठक से मांग की है कि उपनिरीक्षक रश्मि सोनकर को अविलंब पुलिस चौकी झिंझरी से पृथक कर अन्यत्र पदस्थ किया जाए एवं झूठा मामला पंजीबद्ध करने के कारण निलंबित किए जाने की मांग की है। संघ के सदस्यों ने कहा कि रश्मि सोनकर के निलंबन तथा अन्यत्र स्थानांतरित नहीं होने की दशा में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### विधायक संजय पाठक ने एसपी से की चर्चा

व्यापारियों द्वारा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के निवास पहुंचकर शिकायत पत्र सौपा गया। सौंपे गये शिकायत पत्र पर श्री पाठक ने मामले को गंभीरता से लेकर एसपी मयंक अवस्थी से चर्चा कर पूरे मामले की जांच करने की बात की। एसपी ने विधायक श्री पाठक को आश्वस्त किया कि व्यापारी वर्ग के साथ गलत कार्यवाही नहीं होने दी जाएगी, हुई है तो जांच की जायेगी। एसपी ने रश्मि सोनकर एएसआई द्वारा की गई कार्यवाही पर एएसपी संदीप मिश्रा को जांच के निर्देश दिये है।

### इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर समाजसेवी गंगाराम कटारिया, झम्मटमल ठारवानी, चीनी चेलानी, कटनी तुअर दाल मिल संघ अध्यक्ष चेतन हिंदुजा, सचिव वीरेंद्र तीर्थानी, कोषाध्यक्ष विजय दोदवानी, राजा जगवानी, प्रकाश मुलतानी, वीरेन्द्र तीर्थानी, राजकुमार तनवानी, राजकुमार माखीजा, सोनू नागवानी, अजीत आसरानी, खियल चावला, जडामल माटानी, सुशील मटवानी, गुलशन रोहरा, रमेश बाधवानी, ओमपप्रकाश मूलतानी की मौजूदगी रही।

## 31 अगस्त के छूट के साथ कर सकेंगे करों का भुगतान

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन ने नोवल कोरोना वायरस की वैश्विक महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण रोजगार में आई कमी, उद्योग धंधों में गिरावट, सर्विस सेक्टर इत्यादि में आई शिथिलता को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय निकायों द्वारा लिये जानें वाले करो उपभोक्ता प्रभार आदि के भुगतान में रियायत देते हुए अधिभार में छूट देने का निर्णय लिया है। निगमायुक्त सत्येन्द्र धाकरे नें जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के आदेशानुसार मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 163 सहपठित धारा 426-ए एवं मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिकनियम 1961 की धारा 132 सहपठित धारा 346 में निहित शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए लोकहित में अधिरोपित अधिभार में जो समय से भुगतान न करनें के कारण उदभूत हुआ हो में शार्तो के आधार पर छूट प्रदान की गई है। निगमायुक्त श्री धाकरे ने बताया कि संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमे कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट, ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। जल उपभोक्ता प्रभार व जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया हो उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक बकाया है, मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत तथा ऐसे प्रकरण जिनमें जलकर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया है उनमें मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। नगरीय निकायों द्वारा व्ययन की गई परिसंपत्तियों के भूभाटक, किराए के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 20 हजार रूपये तक बकाया है उनमें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक बकाया होनें पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत, ऐसे प्रक५रण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि 50 हजार से अधिक बकाया है उनमें मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। यह छूट केवल ऐसे करदाताओं व नागरिकों को ही प्राप्त होगी जो 31 अगस्त तक लंबित देय राशि का भुगतान करेगें। छूट मात्र अधिभार पर लागू होगी तथा व्याज, स्टांप डयूटी, मूलकर, मूल उपभोक्ता प्रभार अथवा मूल भूभाटक, किराए पर लागू नहीं होगी। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नागरिकों से शासन द्वारा प्रदान की जानें वाली अधिभार की छूट का लाभ प्राप्त करनें की अपील करते हुए निगम सीमान्तर्गत वार्ड के समस्त राजस्व उपनिरीक्षकों एवं वार्ड वसूलीकर्ताओं को शासन द्वारा दी जा रही छूट का प्रचार-प्रसार कर नियमानुसार छूट प्रदान करते हुए शत प्रतिशत वसूली करनें के निर्देश दिए है।

# ड्रीम प्रोजेक्ट : 2024 तक होगा पूरा

## हरदुआ-रीठी, सागर-नरयावली, मकरोनिया-लिधौराखुर्द एवं बीना-खुरई तक 62 किलोमीटर ट्रैक बनकर तैयार, सफल ट्रायल

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल जोन जबलपुर के ड्रीम प्रोजेक्ट कटनी-बीना रेलखंड के तीसरी लाइन के निर्माण कार्य ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। कोरोना संक्रमण की वजह से निर्माण कार्य की रफ्तार में ब्रेक लग गया था लेकिन संक्रमण की रोकथाम और अनलॉक होने के बाद अब एक बार फिर थर्ड लाइन के काम में तेजी आई है। खास बात यह है कि तिहरीकरण का काम पूरा होने के बाद इस ट्रेक पर चलने वाली मालगाड़ियों और यात्री गाड़ियों के परिचालन में सुधार होगा। रेलवे के आय में भी वृद्धि होगी। यही कारण है कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद अब पश्चिम मध्य रेल ने इस ड्रीम प्रोजेक्ट को समयावधि में पूरा करने को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। जीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने भी गत दिवस कटनी से बीना तक तिहरीकरण का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि करीब 2878 करोड़ की लागत से कटनी-बीना रेलखंड के 278 लंबे रेलखंड के तिहरीकरण के अंतर्गत 15 जून तक हरदुआ से रीठी तक 15 किलोमीटर, सागर से नरयावली 19 किलोमीटर, मकरोनिया से लिधौराखुर्द 10 किलोमीटर एवं बीना मालखेड़ी से खुरई तक 18 किलोमीटर का तिहरीकरण का काम पूरा हो गया है। विदित हो कि कटनी-बीना रेलखंड के तिहरीकरण का कार्य मार्च 2024 तक पूर्णकरने की योजना है।

### कटनी-बीना रेलखंड के तीसरी लाइन निर्माण में आई तेजी

### अभी यह आ रही दिक्कत

- ट्राफिक पर अधिक दबाब।
- मालगाड़ियां रोज रोक रहीं है यात्री ट्रेनों के पहिए।
- आउटर में खड़ी रहती है हर यात्री ट्रेन।
- स्पीड पर रखना होता है नियंत्रण
- अधिक ट्राफिक के चलते मेंटीनेंस कार्य भी बढ़ा।
- किसी ट्रेन का पॉवर और इंजन फेल होने पर रुक जाता है रास्ता।
- दुर्घटना की बनी रहती है आशंका।

### यह है विशेषता

- पश्चिम मध्य रेल का महत्वपूर्ण रूट।
- बड़े पॉवर हाऊस को यहां से मिलता है कोयला।
- अभी पमरे कोयला दुलाई में सबसे अधिक भाड़ा इसी रूट से कमाता है, जिसमें और वृद्धि होगी।
- मालगाड़ियों में भी होगी वृद्धि।

### तिहरीकरण से यह मिलेगा फायदा

- कटनी-बीना तीसरी लाइन का काम पूरा होते ही ट्राफिक का दबाव घटेगा।
- अधिक नई यात्री ट्रेनें चलने से यात्रियों को होगा फायदा।
- स्टेशनों पर भी होंगे विकास कार्य, दमोह व सागर में बढ़ सकते है प्लेटफॉर्म।
- मालगाड़ियों से और अधिक भाड़ा की रेलवे को कमाई होगी।
- बिहार, यूपी साइड से भोपाल और आगे जाने वाली यात्री ट्रेनों को मिल सकता है रूट।
- कटनी-बीना तीसरी लाइन सीधे हबीबगंज से जुड़ेगी हबीबगंज तक पहले ही हो चुका हैं काम।
- रेलवे को व्यापार में होगा फायदा।

### कटनी बीना थर्ड रेल लाइन प्रोजेक्ट

- 278 किलोमीटर लंबाई में बिछाई जानी है तीसरी लाइन।
- 32 स्टेशन पड़ेंगे इस पूरे प्रोजेक्ट में।
- 316 पुलों का निर्माण।
- इसमें 12 महत्वपूर्ण।
- 26 बड़े और 278 छोटे पुल शामिल।
- 2334.92 करोड़ रूपये थी शुरूआती लागत, बाद में 2478.23 और अब 2917.06 करोड़ रूपए।

### पमरे जीएम ने किया निरीक्षण

पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने गत दिवस कटनी बीना रेलखंड पर स्टेशन, रेल पुल, रेल पथ, ओएचई एवं सिग्नल प्रणाली का निरीक्षण किया। इस खंड में मालगाड़ियों की गति बढ़ाने के साथ ही कटनी-मुड़वारा स्टेशन के नजदीक बन रहे रोड ओवर ब्रिज के शेष कार्य शीघ्र ही पूरा करने के निर्देश दिए। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान इस वर्ष 2021-22 में अपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर में काफी बढ़ोत्तरी की है। जिसमें अब तक 80 किलोमीटर का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है। उपरोक्त कार्य में से सबेस बड़ी उपलब्धि यह रही कि पिछले दो दिन में 54 किलोमीटर का कमीशन प्राप्त कर रिकॉर्ड स्थापित किया। पमरे ने इस वर्ष 2021-22 में दोहरीकरण एवं तिहरीकरण 319 किलोमीटर का कार्य करने की योजना बनाई है।

### 120 से 130 किलोमीटर की रफ्तार में किया गया ट्रायल

पिछले दो दिन में मुख्य संरक्षा आयुक्त द्वारा पमरे द्वारा पमरे के चारोंखण्ड पर 120 से 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफल ट्रॉयल किया गया। जिसमे हरदुआ से रीठी 15.13 किमी तक तिहरीकरण का कार्य पूरा करके 13 जून को 131 किमी प्रति घण्टे की गति से उसका सफल ट्रायल किया गया। इस सेक्शन में 21 ब्रिज, 2 एलसी गेट, 3 रोड अंडर ब्रिज एवं 3 घुमावदार मोड़ है। न्यू कटनी जंक्शन से कटंगी खुर्द 07.80 किमी तक दोहरीकरण का कार्य पूरा करके 13 जून को 121 किमी प्रति घण्टे की गति से उसका सफल ट्रायल किया गया। इस सेक्शन में 4 ब्रिज, 1 एलसी गेट, 2 रोड अंडर ब्रिज एवं 3 घुमावदार मोड़ है।

### कटनी-सिंगरौली दोहरीकरण में भी आई तेजी

बताया जाता है कि कटनी से सिंगरौली रेलखंड में दोहरीकरण का कार्य की करीब 1763 करोड़ रूपए की लागत से कराया जा रहा है। इस रेलखंड की कुल लम्बाई 257 किलोमीटर है। इसे भी मार्च 2024 तक पूरा करने की योजना है। इसमें आज तक 48 किलोमीटर का कार्य कमीशन हो गया है। विदित हो कि कटनी सिंगरौली रेलखंड के सिंगल होने के कारण इस रूट पर चलने वाली यात्री ट्रेनों के साथ ही मालगाड़ियां रोज विलम्ब से चलती है। जिससे यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## कटनी होकर सिंगल ट्रिप चलेगी लोमति-गोरखपुर स्पेशल

### 16 जून को गोरखपुर व 18 जून को लोमति से होगी रवाना

**कटनी।** रेलवे अभी तक स्पेशल ट्रेनों को छह से तीन माह तक के लिए चलाता था लेकिन कोविड-19 के नियमों को लागू करने के बाद रेलवे ने ट्रेनों को चलाने के नियमों में भी फेरबदल कर लिया है। रेलवे अब एक दिन और एक ट्रिप की भी ट्रेन चलाने लगा है। इस कड़ी में रेलवे ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर के बीच एक ट्रिप की ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन कल 16 जून को चलेगी। जानकारी के मुताबिक गाड़ियों में अतिरिक्त यातायात क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 05401/05402 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर के मध्य एक-एक ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह समर स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 05401 गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल ट्रेन कल 16 जून को गोरखपुर स्टेशन से शाम 7 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 17 जून को सुबह 8:45 बजे सतना, 10-03 बजे कटनी, 11:20 बजे जबलपुर एवं शाम 5 बजे इटारसी तथा तीसरे दिन 18 जून को सुबह 5 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05402 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर स्पेशल ट्रेन 18 जून को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सुबह 7:50 बजे प्रस्थान कर 14:20 बजे भुसावल, 18:40 बजे इटारसी, 22:30 बजे जबलपुर, 23:50 बजे कटनी व अगले दिन रात 1:15 बजे और 16:15 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी।

### ट्रेन में 21 कोच होंगे

इस स्पेशल ट्रेन में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच लगाए गए हैं।

### इन स्टेशनों पर लेगी ठहराव

यह ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर के बीच खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, भरुआसुमेरपुर, रागौल, बांदा, चित्रकूट, 'सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर ठहराव लेगी।

## अब शहर का पूरा बाजार हुआ गुलजार

## सार्वजनिक परिवहन, निजी बसें शत-प्रतिशत क्षमता से होंगी संचालित, कलेक्टर ने जारी किये आदेश

## व्यापारियों को मिली ऑड इवन से मुक्ति, बाजारों में दिखी चहल-पहल

**कटनी।** संक्रमण से लगातार राहत मिलने के बाद कलेक्टर के निर्देश पर आज से शहर का बाजार एक बार फिर गुलजार नजर आया। आड इवन सिस्टम से पाबंदी हटने और 100 प्रतिशत दुकानों के खुलने के आदेश जारी होने के बाद आज सुबह से ही सड़क के दोनों ओर की दुकानें खुली नजर आई।

प्रशासन के इस निर्णय से व्यापारियों को न केवल राहत मिली है, वरन सीजन के इन बचे हुए दिनों में वे कोरोना संक्रमण से हुए नुकसान की कुछ तो भरपाई कर पाएंगे। बाजारों में चहल-पहल नजर आने के बाद सोशल डिस्टेसिंग भी नदारत दिखी। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने 1 जून से कटनी जिले को अनलॉक किया था और 50 प्रतिशत दुकानें खुलने के निर्देश जारी किए थे। आपदा प्रबंध समिति के निर्णय के बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा ऑड इवन सिस्टम लागू किया गया था, जिसका शहर के व्यापारियों द्वारा विरोध किया जा रहा था। विधायक संदीप जायसवाल के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी बाजार को पूरा खोलने की लगातार मांग की जा रही थी। जिस पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन के आदेश जारी किए। जारी संशोधित आदेश के तहत जिले में प्रतिबंध से मुक्त गतिविधियों के लिये निर्देश जारी किये गये हैं।

### पूर्व नियत स्थानों पर लगेंगी सब्जी और फल की दुकानें

कलेक्टर द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा थोक सब्जी, फल ,फूल के बाजार आगामी आदेश तक पूर्व नियत स्थानों पर यथावत संचालित होने के निर्देश जारी किए हैं। नगरीय क्षेत्र में कोविड-19 की पॉजीटिविटी दर 0.5 प्रतिशत से कम होने के कारण नगर निगम सीमा क्षेत्र में 28.2 में उल्लेखित वस्तुओं की दुकानों के अलावा प्राथमिकता पर सर्विस सेक्टर की दुकानें तथा अन्य प्रयोजनों की दुकानें भी खुल सकेंगी। वैकल्पिक दिवसों में की गई कार्य व्यवस्था को शिथिल करते हुए अब सभी दुकानों, फर्मों, प्रतिष्ठानों को समान्य दिनों की तरह प्रतिदिन 100 प्रतिशत संचालित खोलने की अनुमति रहेगी।

### पूरी क्षमता के साथ चलेंगी बसें

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी संशोधित आदेश के तहत सार्वजनिक परिवहन, निजी बसों के माध्यम से कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत अनुमति प्रदान की गई है। निजी बसों में यह अनुमति सशर्त जारी की गई है, जिसके तहत निजी बसों में कोविड-19 दिशा-निर्देशों के अनुसार कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करते हुये शत प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो सकेंगी। इसी प्रकार आदेश के तहत थोक सब्जियां, फल, फूल के बाजार के लिये जिला प्रशासन द्वारा नियत खुले स्थानों पर चल सकेंगे। इन वस्तुओं की दुकानों के अलावा प्राथमिकता पर सर्विस सेक्टर दुकानें तथा अन्य प्रयोजनों की दुकानें भी खुल सकेंगी। जिले के नगरीय क्षेत्र में पॉजीटिविटी दर 0.5 प्रतिशत से कम है। नगरीय क्षेत्र में 100 प्रतिशत तक दुकानें खुल सकेंगी। नगर निगम द्वारा यदि किसी स्थान या बाजार में सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन कराया जाना संभव नहीं है अथवा पालन करना नहीं पाया जाता है, तो ऐसे स्थानों पर विशेष निर्देश जारी करने के लिये आयुक्त नगर पालिक निगम को अधिकृत किया गया है। इस आदेश के तहत दी गई छूट 30 मई को जारी आदेश की कंडिका अ में प्रतिबंध गतिविधियों पर लागू नहीं होगी। जिसमें यह संशोधित आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है।

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

आदेश में सभी दुकानदार कोविड.19 के समस्त प्रोटोकॉल्स का पालन सुनिश्चित करते हुये दुकानों में सोशल डिस्टेन्सिंग का पूर्णतः पालन करानेए दुकानों के बाहर पर्याप्त दूरी पर गोले या घेरे बनाने, दुकानदार व उनके कर्मचारियों तथा ग्राहक को मास्क पहनने की अनिवार्यताः होगी। इस आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित दुकानदार, संचालक, ग्राहक के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये जुर्माना एवं दुकान बंद करने की कार्यवाही की जायेगी।

## पत्नी की डिलेवरी कराने आए युवक के जेब से मोबाइल निकाल ले गया बदमाश

### जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में सेंध, सोते समय हुई वारदात सीसीटीवी में कैद

**कटनी।** जिला अस्पताल में चोरी की वारदते थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इसका बड़ा कारण जिला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को माना जा रहा है। अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में एक बार फिर लापरवाही सामने आई है। ताजा मामला मरीज के परिजन के मोबाइल चोरी होने का है। अस्पताल गैलरी में सो रहे एक मरीज के परिजन का मोबाइल एक युवक द्वारा चोरी कर लिया गया। चोरी की वारदात का पूरा नजारा अस्पताल परिसर की गैलरी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बिलहरी गांव निवासी अनुराग नामदेव ने बताया कि वो अपनी पत्नी की डिलेवरी कराने के लिए जिला अस्पताल आया था। उसकी पत्नी प्रसव वार्ड में भर्ती है। देख रेख के लिए वो अस्पताल में ही रुकता है। 10 जून की रात वो अस्पताल की गैलरी में सो रहा था। तभी किसी चोर ने मोबाइल चोरी कर लिया।

### चोर की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने शिकायत पर मामले को जांच में लिया है। चोर की तलाश की जा रही है। मोबाइल चोरी करते युवक का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। पुलिस वीडियो के माध्यम से भी मोबाइल चोरी करने वाले युवक की पहचान करने में जुटी हुई है।

## तीन दिन जीरो के बाद आज मिला एक पॉजीटिव केस

कटनी। लगातार तीन दिनों तक संक्रमण दर जीरो रहने के बाद आज जिले में एक पॉजीटिव केस मिला है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सुप्राटेक की इंदौर लैब से मिली (आरपीटीसीआर) 282 सेम्पल की रिपोर्ट में एक भी पॉजीटिव केस नहीं मिला है। इसी तरह रेपिड एंटीजन टेस्ट की 625 सेम्पल की रिपोर्ट में एक पॉजीटिव केस मिला है। पिछले 24 घंटे में एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया है। अब तक तक कुल संक्रमित मरीजों 9360 में से 9241 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब 6 एक्टिव केस हैं, जिसमे से 2 जिला चिकित्सालय एवं 4 मरीज होम आईसोलेशन में उपचाररत हैं। आज जिले में दो मौतें दर्ज की गई है। इस तरह अब जिले में मौतों की संख्या 113 तक पहुंच गई है। जिले में अब तक 1 लाख 46 हजार 593 लोगों की जांच की जा चुकी है, जिसमे से 1 लाख 30 हजार 704 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666
फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)